# महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25

जैसलमेर | महाविद्यालयों में सत्र 2022-23 में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। एसबीके कॉलेज के प्रवेश समिति के संयोजक डॉ. एसके गर्ग (स्नाताकोत्तर) एवं डॉ. एसएस मीना (स्नातक) ने बताया कि 2021-22 के स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (राज विज्ञान व वनस्पति शास्त्र) के नियमित विद्यार्थियों को अगली कक्षा में क्रमोन्नत कर दिया गया है। इनके नाम ई मित्र को भिजवाए जा चुके है, क्रमोन्नत विद्यार्थियों को भी 31 जुलाई तक ई मित्र से प्रवेश शुल्क जमा करवाना होगा। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा सभी क्रमोन्नत विद्यार्थियों को एसएमएस द्वारा संदेश भेजे जा चुके है। यदि किसी विद्यार्थी को संदेश प्राप्त नहीं होता है तो इस स्थिति में भी वे अपनी फीस ई मित्र पर जमा करा सकते हे।

## डेंगू रोधी अभियान अंतर्गत ला